This question paper contains 3 printed pages.

017087 Roll No. ....

B.Sc./B.Com. (Sem. - I)

AEC - 51T-102 A (N)

AEC-HIN

B.Sc./B.Com. Three/Four Year (Semester - I) EXAMINATION - Dec. 2025

(Ability Enhancement Course)

Also Common with Non - Collegiate

सामान्य हिन्दी (व्याकरण)

Time Allowed: Three Hours

Maximum Marks: 50

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न–पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर–पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर–पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।

खण्ड – अ के अंतर्गत प्रश्न संख्या 1 में इकाई 1 के भाग (क) एवं (ख) तथा इकाई 2 के भाग (क) एवं (ख) प्रत्येक से दो–दो प्रश्न कुल आठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा।

खण्ड – ब के अंतर्गत प्रश्न संख्या 2, 3 में इकाई 3 के भाग (क) एवं भाग (ख) से एक – एक प्रश्न पूछा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न 05 अंक का होगा।

खण्ड – स के अंतर्गत प्रश्न संख्या 4, 5, 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है जिसमें इकाई 4 के भाग (क) से दो प्रश्न (प्रत्येक 07 अंक) तथा भाग (ख) से एक प्रश्न (आंतरिक विकल्प सहित) 10 अंक का होगा।

खण्ड – अ

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

(i) निम्न उपसर्गों का प्रयोग कर दो–दो नवीन शब्द बनाइए–

(क) पर

(ख) सम

(ii) संधि एवं समास के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

(iii) निम्न शब्दों में समास का नाम लिखिए।

(क) प्रतिक्षण

(ख) वीणापाणि

(iv) सर्वनाम की परिभाषा स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख भेदों का उल्लेख कीजिए।

(v) निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखिए –

(क) उलंघन

(ख) नियमित्ता

(vi) निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :–

(क) मेरे को कुछ याद नहीं आ रहा।

(ख) बहुत से भारत के वैज्ञानिक विदेश गए हैं।

(vii) निम्न मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए –

(क) लोहा मानना।

(ख) घड़ों पानी पड़ जाना।

(viii) निम्न लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए –

(क) ऊँची दुकान फीका पकवान।

(ख) एक मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है। 8×2 = 16

खण्ड – ब

2. निम्न अवतरण का संक्षेपण कीजिए –

प्रकृति और मनुष्य का गहरा संबंध है। यही संबंध साहित्य या काव्य के साथ मनुष्य एवं प्रकृति का है। प्रकृति के दो रूप हैं ; एक सुन्दर, दूसरा बेडौल। श्रेष्ठ कवि या लेखक का ह्रदय दोनों में रमता है। लेकिन, जो प्रकृति के बाहरी सौन्दर्य एवं मानव जाति के दिखावे या फैशन तक ही सीमित रह गया, वह न तो कवि है और न ही लेखक। मनुष्य जीवन की कठिनताओं, जड़तावादी धारणाओं के विरुद्ध जिस रचना में विरोध का स्वर समाहित नहीं है वह कुछ समय के लिए चुने हुए मनुष्यों का मन तो बहला सकती है, पर उसके बाद वह घातक ही है। वर्तमान में पनपे वेव सिरीज जैसे चलचित्र कार्यक्रम उपर्युक्त एकांगी होते साहित्य की बानगी है। इससे हमें बचना चाहिए और साहित्य के केंद्र में मनुष्य एवं प्रकृति के संबंध को स्थापित करना चाहिए। 5

3. 'स्वच्छता ही सेवा है' सूक्ति का पल्लवन कीजिए। 5

खण्ड – स

4. अधिसूचना का क्या आशय है? अधिसूचना का प्रारूप बनाइए। 7

5. शासकीय पत्र की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 7

6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 400 शब्दों में निबंध लिखिए – 10

(क) भविष्य का भारत

(ख) पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका

(ग) उच्च शिक्षा और महिला सशक्तिकरण

(घ) तकनीकी विकास के कारण बदलते रोजगार के अवसर